केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/समन्वय/आईपीएस/सप्ली.परीक्षा/2023 07.11.2023

विद्यालय प्रधानाचार्य / प्रमुख,
सीबीएसई से संबद्ध
और सप्लीमेंट्री परीक्षा 2023 (CS/CNS/IHE)
के लिए परीक्षा केन्द्र एवं/या मूल्यांकन केंद्र
के रूप में निर्धारित सभी विद्यालय
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

विषय: सप्लीमेंट्री परीक्षा 2023 के लिए परीक्षा या/और मूल्यांकन कार्य में शामिल विभिन्न पदाधिकारियों के भुगतान के लिए एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस)

महोदया/महोदय,
बोर्ड ने सप्लीमेंट्री परीक्षाओं 2023 के लिए परीक्षा/मूल्यांकन कार्य में शामिल विभिन्न पदाधिकारियों के लिए एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस) शुरू की है। इन प्रणालियों की निम्नलिखित विशेषताएं हैं:-

क. सप्लीमेंट्री परीक्षा 2023 हेतु परीक्षा केंद्र प्रभार के लिए आईपीएस मॉड्यूल--
बोर्ड ने सप्लीमेंट्री परीक्षाओं 2023 के संचालन में शामिल परीक्षा केंद्रों और पदाधिकारियों के लिए केंद्र प्रभार का भुगतान करने के लिए एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस) शुरू की है।

जैसा कि मुख्य परीक्षा 2023 के लिए आईपीएस मॉड्यूल में किया गया था, सप्लीमेंट्री परीक्षाओं 2023 के लिए प्रासंगिक डेटा ओईसीएमएस पोर्टल से आईपीएस मॉड्यूल में लाया गया है। ऑनलाइन आईपीएस पोर्टल लिंक सीबीएसई वेबसाइट में "परीक्षा संगम" में उपलब्ध है और इसे डेटा की जांच, सत्यापन और फ्रीज करने के लिए सप्लीमेंट्री परीक्षा 2023 के लिए परीक्षा केंद्रों हेतु चालू कर दिया गया है।

इसके बाद, बोर्ड द्वारा व्यक्ति के खाते में ऑटोमोटिव मोड में भुगतान किया जाएगा। आईपीएस पोर्टल प्रणाली में डेटा फ्रीज करने की अंतिम तिथि **20 नवंबर 2023** है। यह भी नोट किया जाए कि बोर्ड ने एक निश्चित अनुसूची में भुगतान जारी करने का निर्णय लिया है और इसलिए सभी संबंधितों से बोर्ड के निर्देशों का सख्ती से पालन करने का अनुरोध किया जाता है।

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in

ख. सप्लीमेंट्री परीक्षा 2023 के लिए थ्योरी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए आईपीएस मॉड्यूल

1. प्रणाली में निम्नलिखित मॉड्यूल हैं:
   - ए) उपयोगकर्ता मैनुअल
   - बी) सभी पदाधिकारियों का खाता विवरण जैसे सीएनएस,एचई,आईएचई, एएचई(ई), एएचई(सी), एएचई(एस), मूल्यांकनकर्ता और समन्वयक आदि
   - सी) उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या और ड्यूटी के दिन
   - डी) फ्रीज रिपोर्ट
   - ई) अंतिम रूप से तैयार रिपोर्ट

2. प्रणाली द्वारा भुगतान की गणना मूल्यांकन कार्य के दौरान दिन-प्रतिदिन के आधार पर सीएनएस स्कूल/आईएचई द्वारा टीईटीआरए वेब-पोर्टल में प्रस्तुत किए गए विवरण के आधार पर स्वचालित रूप से की जाएगी।
3. धनराशि का भुगतान सप्लीमेंट्री परीक्षा 2023 हेतु थ्योरी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में शामिल विभिन्न पदाधिकारियों के व्यक्तिगत खातों में किया जाएगा।

सभी संबंधित सीएनएस/आईएचई से निम्नलिखित के लिए अनुरोध किया जाता है:-

क. आईपीएस का उपयोगकर्ता मैनुअल पढ़ें और भरे जाने वाले आवश्यक फ़ील्ड नोट करें।
ख. उसी के आधार पर, डेटा एकत्र करें और इसे आईपीएस में भरने से पहले जांच लें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भरा गया डेटा सही है।
ग. कृपया सुनिश्चित करें कि बैंकों के हालिया विलय के अनुसार सभी आईएफएससी कोड सही हैं।
घ. एक बार जब भुगतान बैंक द्वारा सप्लीमेंट्री परीक्षाओं 2023 के लिए थ्योरी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में शामिल विभिन्न पदाधिकारियों के खातों में भेज दिया जाता है, तो सीएनएस स्कूल / आईएचई सफल और असफल भुगतान के बारे में जानकारी एकत्र करेगा। **अस्वीकृत** और **असफल** भुगतान के मामले में, सीएनएस स्कूल/ आईएचई संबंधित पदाधिकारियों से संपर्क करेगा और तुरंत अपने खातों में लॉग-इन करके आईपीएस में दर्शाए गए और वांछित डेटा को अद्यतन करेगा।

एक बार जब सीएनएस स्कूल/आईएचई संतुष्ट हो जाए कि डेटा सही है, तो वह जानकारी आईपीएस में भरी जा सकती है। लागू दरें स्वचालित रूप से भर जाएंगी। दरों का विवरण आईपीएस मॉड्यूल में ही उपलब्ध है। एक बार डेटा भर जाने के बाद, सीबीएसई ऑटोमोटिव मोड में भुगतान जारी करना शुरू कर देगा।

आईपीएस पोर्टल पर प्रविष्टि और संपादन/सुधार की सुविधा केवल नीचे दी गई तिथियों के अनुसार उपलब्ध रहेगी। दी गई तिथियों के बाद सप्लीमेंट्री परीक्षा 2023 के लिए थ्योरी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में शामिल विभिन्न पदाधिकारियों के भुगतान के लिए आईपीएस प्रणाली बंद कर दी जाएगी:-

आईपीएस प्रणाली का विवरण	**शुरू होने की तिथि**	**तिथि जिस तक अंतिम रूप से तैयार/प्रस्तुत किए जाने की अनुमति होगी**	**तिथि जिस तक सुधार किए जाने की अनुमति होगी**
सप्लीमेंट्री परीक्षा 2023 के लिए थ्योरी उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में शामिल विभिन्न पदाधिकारियों के भुगतान हेतु आई.पी.एस	06 नवंबर 2023	20 नवंबर 2023	25 नवंबर 2023

इसलिए सभी सीएस/सीएनएस स्कूल / आईएचई से अनुरोध किया जाता है कि वे आईपीएस में डेटा प्रस्तुति या/और डेटा को फ्रीज करने और सुधार (यदि कोई हो) की गतिविधियों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई शुरू करें।

हस्ता/-

(डॉ संयम भारद्वाज)

परीक्षा नियंत्रक

प्रति : वेबएडमिन को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ